प्रारुप–6

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

## परियोजना का नाम:– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के विकासखण्ड भैंसियाछाना के अन्तर्गत सल्ला–भाटकोट से सूकना सल्यूणी तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 5.500 किमी०)

आज दिनांक 07/03/2019 को निर्माण खण्ड लो०नि०वि० अल्मोड़ा द्वारा प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग कि ओर से श्री हरीश सिंह सुप्याल, उपराजिक अधिकारी वनरक्षक, राजस्व विभाग की ओर से पंकज आर्या उपराजस्व निरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग कि ओर से श्री किशोर पटवाल, अपर सहायक अभियन्ता एवं श्री भास्करानन्द जोशी, अमीन द्वारा भाग लिया गया। प्रश्नगत परियोजना को बनाये जाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनों के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि समाजिक आवश्यकता/परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो संमरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1300 मी० नाप भूमि, 3980 मी० सिविल वनभूमि व 220मी० वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी। इस समरेखन के चयन में कुल 1.17 है० नाप भूमि, 3.582 है० सिविल वन भूमि व 0.198 है० वन पंचायत भूमि की आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 3.780 है० भूमि की हस्तान्तरण की आवश्कता होगी। इस समरेखन पर/चुने हुए स्थल पर लगभग 31 वृक्ष चीड़ प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। इस समरखेन के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि में, 1500(मी0) सिविल भूमि से, 4500(मी0) वन पंचायत भूमि 350मी0 प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में नाप भूमि 1.35 है0, 4.05 है0 सिविल वन भूमि व वन पंचायत 0.315है0 है। जिनमें से कुल 4.365 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 45 वृक्ष चीड प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से......00..... ...बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

सिविल तथा नाप भूमि पर चीड़ प्रजाति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन नहीं है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का मान $79^0 54' 46.173''$E एवं $29^0 41' 36.878''$N तथा यह स्थल ग्राम भाटकोट नामक स्थान पर स्थित है जिसका GPS मान $79^0 54' 14.269''$E एवं $29^0 41' 22.429''$N है।

चयनित समरेखन में कुल 5 पौधों को अन्य स्थानन्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसका निस्तारण नाप भूमि में किया जायेगा। अन्य आवश्यक विवरण हेतु मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में किया जाता है। मोटर मार्ग के निर्माण होने से ग्रामवसियों को आवागम एवं अपने उत्पादन को बाजार तक ले जाने में सुविधा प्राप्त होगी एवं ग्रामवासियों का पलायन नहीं होगा। जिस हेतु मोटर मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक है।

| हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|---|

उप जिलाधिकारी अल्मोड़ा

जिला अधिकारी अल्मोड़ा.

सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, ल० नि० वि० अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० अल्मोड़ा

उप प्रभागीय वनाधिकारी ... वन क्षेत्र सिविल एवं सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा

प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

तहसीलदार, अल्मोड़ा

उप जिला अधिकारी